# आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

## परेड ग्राउण्ड सीधी में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। देश की आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस सीधी जिले में राष्ट्रभक्ति, उत्साह और गौरव की भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। राष्ट्रध्वज तिरंगे के आन-बान-शान से लहराने के साथ पूरा वातावरण राष्ट्रगान और देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर विकास मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान का गायन हुआ। शासन के निर्देशानुसार समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत के गायन से किया गया।**



ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर विकास मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने समृद्धि, उल्लास और नई ऊर्जा के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को नील गगन में छोड़ा। परेड दल ने तीन बार हर्ष फायर कर स्वतंत्रता दिवस के उत्साह और गौरव को अभिव्यक्त किया। रक्षित निरीक्षक वीरेन्द्र कुमरे के कमाण्ड में आयोजित आकर्षक मार्च पास्ट समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा। परेड के उप कमाण्डर टूआईसी मयंक तिवारी, होमगार्ड रहे। विभिन्न पुलिस बलों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यालयीन दलों, महिला एवं बाल विकास के शौर्य दल तथा बैंड दलों ने अनुशासन और जोश के साथ मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि ने परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। समारोह में कलेक्टर विकास मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय क्र.1 सीधी, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट एवं एकलव्य उ.मा.विद्यालय सीधी के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना प्रभावी रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम की उद्घोषणा का दायित्व वीरेन्द्र सिंह बघेल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बरिगंवा, डॉ.संजीव कुमार त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल करमाई तथा पंकज पाण्डेय प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने निभाया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिये ये हुये सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ परेड सीनियर का प्रथम पुरस्कार महिला जिला पुलिस बल सीधी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 9वीं वाहिनी विसबल कंपनी सीधी तथा तृतीय पुरस्कार जिला पुलिस बल सीधी एवं होमगार्ड जिला बल सीधी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ परेड जूनियर में प्रथम पुरस्कार गणेश सी.से. स्कूल पड़रा सीधी, द्वितीय पुरस्कार जूनियर एकलव्य पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो पुरुष तथा तृतीय पुरस्कार सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी को प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक स्कूल सीधी, द्वितीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 सीधी तथा तृतीय पुरस्कार पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट को दिया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही सराहनीय उपस्थिति

समारोह में विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी, जिले के वरिष्ठ पत्रकार, स्वैच्छिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में मुख्य अतिथि कलेक्टर विकास मिश्रा, विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया।**

कलेक्टर ने बच्चों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में एक असफलता से कभी हार नहीं माननी चाहिए, बल्कि हर अनुभव से सीख लेकर प्रयास जारी रखना चाहिए। उन्होंने डार्विन के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलती परिस्थितियों को समझकर स्वयं को लगातार बेहतर बनाना ही प्रगति का आधार है। विधायक सीधी रीती पाठक ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र के इस महान पर्व में सहभागिता करना हम सभी के लिए सम्मान की बात है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, सरस्वती बहेलिया, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एएसपी कमला जोशी, एसडीएम प्रिया पाठक, डीईओ पीके सिंह, बीआरसी विनय मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत चंदूलाल पनिका सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की विशिष्ट उपस्थिति में 15 अगस्त के पावन अवसर पर ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी।**



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम जी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान, के.के.तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू केशरी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, शिवदान साकेत, मनीला सिंह, जिला अनिल पाण्डेय, देवेन्द्र त्रिपाठी, रवि केसरी, राम प्रसाद बैस, सुरेंद्र मणि दुबे, मुनिराज विश्वकर्मा, हरिकेश साकेत, जगदम्बा सोनी, पूनम सोनी, नीलम पाण्डेय, सुनीता रानी वर्मा, प्रदीप शुक्ला, पंकज पाण्डेय, योगेंद्र सिंह चौहान, रंजना मिश्रा, पुष्पराज सिंह, धर्मेन्द्र शुक्ला, आनंद परियानी, निशा सिंह, संगीता सिंह, किरण सिंह, अजीत वर्मा, रोहित मिश्रा, दिनेश गुप्ता, धर्मेन्द्र सोनी, महिमा तिवारी, कंचन केशरी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरईएस कार्यालय मझौली में लहराया तिरंगा

**मझौली 16 अगस्त।**



आरईएस कार्यालय मझौली में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला सीधी के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ इंजी.इंद्रलाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणेश स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। स्थानीय गणेश स्कूल पड़रा में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने राष्ट्रध्वज फहराया और फिर राष्ट्रगान हुआ।**

प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी ने विगत बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की



मुख्य अतिथि राजस्व अधिकारी सुषमा रावत रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में संस्था के चेयरमैन महेश प्रसाद शर्मा, सोन घड़ियाल अभ्यारण्य के अधीक्षक प्रमोद सिंह, बहरी थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय एवं सब इंस्पेक्टर राजश्री अग्निहोत्री उपस्थित रहीं। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.तिवारी ने की। प्रधानाध्यापिका माइमा सिमंस ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एनसीसी कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड 2026 प्रतियोगिता में एसजीएसएस स्कूल पड़रा के एनसीसी कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के जूनियर एनसीसी विंग की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

### एक नजर में

## पांच दिन बाद नहीं लगा लापता महिला का सुराग

**सीधी।** थाना चुरहट क्षेत्र के ग्राम खम्हनिया खुर्द से 54 वर्षीय महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की रिपोर्ट पर चुरहट पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज एद्बत्तआईआर के अनुसार फरियादी शुभम कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम खम्हनिया खुर्द ने बताया कि 11 अगस्त 2026 की रात करीब 11 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे।



उसके बड़े पिता विनोद कुमार उपाध्याय भी घर में खाना खाने के बाद अपने घर चले गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब परिवार के लोग उठे तो उनकी बड़ी मम्मी सियादुलारी उपाध्याय घर पर नहीं मिलीं। परिजनों द्वारा आसपासए पड़ोस तथा नाते-रिश्तेदारों में महिला की तलाश की गई लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। बताया गया है कि सियादुलारी उपाध्याय मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और उनका उपचार चल रहा था।

## शासकीय महाविद्यालय मझौली में फहराया गया तिरंगा



**मझौली।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में 15 अगस्त को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.गीता भारती द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ.गीता भारती ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं राष्ट्र निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। अंत में उपस्थित सभी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं नागरिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## विहिप व बजरंग दल ने लिया अखण्ड भारत संकल्प



**सीधी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अखंड भारत संकल्प दिवस व वंदे मातरम् 150 वर्ष पर रन फार वंदे मातरम् मनाया। यह कार्यक्रम 16 अगस्त को छत्रसाल स्टेडियम पर आयोजित किया गया। जिला संयोजक अभिषेक सिंह के अध्यक्षता, विभाग मंत्री पुजेरी लाल मिश्र व विभाग संयोजक बजरंग दल शैलेंद्र सिंह मिस्टर के विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहाँ कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत का मानचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किए, यह मानचित्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान भारत माता के जयघोष और राष्ट्रभक्ति के नारे गूंजते रहे। जिला अध्यक्ष गणेश सिंह ने अखंड भारत को केवल एक भौगोलिक अवधारणा नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिकए आध्यात्मिक और ऐतिहासिक एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष उमापति सिंह, भास्कर सिंह कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र शर्मा, राम सिंह, योग्य सेन गुप्ता, जिला सह संयोजक रोहित राठौर, जिला सह संयोजक अशोक गुप्ता, मार्तण्ड मिश्र, नगर सह संयोजक शेखर भारती, जिला बालोपासना माखन मिश्र, नगर बलोपासना रोशन जायसवाल, मुकेश नामदेव, दिनेश गुप्ता, विनायक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भारतीय स्टेट बैंक में हुआ ध्वजारोहण

**सीधी 16 अगस्त।** भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा सीधी परिसर में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस का 80वां पर्व मनाया गया। बैंक के मुख्य प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार राय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

## नगर पालिका परिषद सीधी में नपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। नगर पालिका परिषद सीधी में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद सीधी अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा द्वारा गरिमामय ढंग से ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी।**



इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी मोहम्मद हसन, वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा, कुमुदिनी सिंह, रजनीश श्रीवास्तव और परिषद के उपयंत्री नीलेश सिंह, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह, एनयूएल नपा सीधी सिटी मैनेजर द्वय संदीप मिश्रा, मनोज चौबे, वाहन प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला, तकनीकी शाखा विनोद सिंह, स्टोर प्रभारी अमित सिंह, अतिक्रमण प्रभारी मंगलेश्वर सिंह, जल प्रदाय प्रभारी शीलजध्वज सिंह, राजकुमार सिंह, लेखा शाखा हनुमान द्विवेदी, स्थापना शाखा सनत द्विवेदी, पूजा सिंह, प्रियंका सिंह, नरगिस बानो, स्वाति पाठक, प्रधानमंत्री आवास शाखा देवेन्द्र पोर्ते, आवक-जावक प्रभारी देवेन्द्र द्विवेदी, अनिल सिंह चाल्से, ज्वाला प्रसाद पटवा, दिलीप विश्वकर्मा, रघुवंश, विमलेश, अवधेश गहरवार सहित नगर पालिका परिषद सीधी के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा ने सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## जवाहर कांग्रेस भवन में फहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के संदेश का वाचन किया गया।**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस सदैव प्रतिबद्ध है। आजादी केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि नहीं बल्कि लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी भी हमें सौंपती है। कांग्रेस देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# कुसमी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

## धौंहनी विधायक ने पीएम श्री टमसार में एवं जनपद अध्यक्ष ने कार्यालय में किया ध्वजारोहण







नवभारत न्यूज

**कुसमी 16 अगस्त। जिले के साथ-साथ कुसमी ब्लॉक में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह के साथ परम्परागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।**

**पीएमश्री टमसार-** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान का गायन हुआ, विद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा एकल, सामूहिक गीत एवं राष्ट्रभक्ति नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम टमसार सरपंच मकरन्द सिंह की अध्यक्षता जनपद सदस्य जमुनी देवी, मंडल अध्यक्ष अखंडप्रताप सिंह, एसडीएम शिवांश गौरव के विशिष्ट आतिथ्य, डॉ.आर.डी.साहू, राजकुमार तिवारी, के.के.बघेल एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य रामपाल सिंह, बीएसी अंगिरा द्विवेदी, अधीक्षक राममिलन प्रजापति, शिक्षक लखपति सिंह, प्रेमलाल सिंह, राममणि गोस्वामी, सुमित्रा सिंह, धरमराज सिंह, रमाकांत गोस्वामी, कृष्णानंद मिश्रा, सोमवती सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। अंत में विधायक ने छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया।

**जनपद पंचायत-** जनपद पंचायत कुसमी के प्रांगण में जनपद अध्यक्ष श्यामबती सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, एसडीओ बृजेन्द्र प्रसाद कोरी, बीसी अर्जुन सिंह उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, राकेश सिंह बघेल, लेखाधिकारी पंकज मिश्रा, जे.पी. झारिया, अखिलेश पाण्डेय, रामसुख यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**मॉडल कुसमी, भदौरा एवं भुइमाड़ में-** शासकीय मॉडल उमावि कुसमी में प्राचार्य राजकुमार सिंह द्वारा ध्वजारोंहण किया गया। अधीक्षक त्रिभुवन सिंह, सुरेन्द्र टांडिया, अधिक्षिका भगवंती सिंह, शिक्षक कमलेश तिवारी सहित छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा। इसी तरह शाउमावि भदौरा में प्राचार्य बृजेश पनिका द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा, कमलेश पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहीं। शासकीय हाईस्कूल दुआरी में प्राचार्य रामबाई टांडिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शिक्षक ए.बी.सिंह, शिवबहादुर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शाउमावि भुइमाड में प्राचार्य सुजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

**वन परिक्षेत्र कुसमी व टमसार-** वन परिक्षेत्र मोहन कुसमी में उप वन मंडलाधिकारी अरविन्द कुमार अहिरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक लालमन सिंह, रविरंजन रावत, समुन्दर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। टमसार में रेंजर हर्षित मिश्रा ध्वजारोहण किया। केदारनाथ शर्मा, सोनी सिंह सहित समस्त स्टाफमौजूद रहे।

**सेवा सहकारी समिति कुसमी, टमसार में-** सेवा सहकारी समिति कुसमी में बैंक प्रबंधक मोतीलाल रजक ने ध्वजारोहण किया। समिति प्रबंधक संतोष त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। टमसार मे सहायक प्रबंधक रामशिरोमणि जायसवाल द्वारा ध्वजारोंहण किया गया अजय साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**ग्राम पंचायतों में-** ग्राम पंचायत भगवार, दुआरी, टमसार, रामपुर, धुपखड़, गांजर, करैल, भुइमाड़, भदौरा, कतरवार, लुरुघुटी, उमरिया, गुडुआधार, ठाड़ीपाथर, पिपराही, चिनगवाह, दुबरीकला सहित अन्य पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम सभा का आयोजन किया। सचिव, सहायक सचिव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इसके अलावा कृषि कार्यालय कुसमी में एसडीओ एस.पी.साकेत ने ध्वजारोहण किया। महिला बाल विकास कार्यालय कुसमी में मान कुमारी पनाड़िया ने ध्वजारोहण किया।

CMYK